Helpline 1064

94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- खैरथल, तिजारा में आरोपी हिमांशु गुप्ता, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत पालपुर, तहसील तिजारा जिला खैरथल 7,000/- रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों किया गिरफ्तार।

जयपुर, दिनांक 31.07.2025 गुरूवार। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी भिवाडी इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुए आरोपी हिमाशुं गुप्ता हाल ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत पालपुर पंचायत समिति तिजारा जिला खैरथल तिजारा को **7,000/-रूपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथो गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** ने बताया कि ए.सी.बी. चौकी भिवाडी को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी ने बताया कि मैने सन् 2017 में प्रधानमन्त्री आवास योजना के तहत मकान हेतु मिलने वाली राशि के लिए मेरी ग्राम पंचायत पालपुर में प्रार्थना पत्र लगाया था, जो मेरा सन् 2023 में पास हो गया था। मेरे उक्त मकान के निर्माण के लिए मुझे ग्राम पंचायत सैकेट्री द्वारा दो किस्त 15,000/- रूपये व 45,000/- रूपये की दिलवा दी गई और मैने मेरे मकान का निर्माण भी कर लिया। मेरे मकान की अब तीसरी किस्त करीब 60,000/- रूपये की आई हुई है, लेकिन सैकेट्री हिमांशु गुप्ता ने मुझे उक्त किस्त दिलवाने के लिए मेरे से 10,000/- रूपये रिश्वत की मांग कर परिवादी को परेशान किया जा रहा है।

जिस पर **उप महानिरीक्षक पुलिस- प्रथम श्री राजेश सिंह** ए.सी.बी. मुख्यालय जयपुर के सुपरवीजन में ए.सी.बी. ईकाई भिवाडी के **उप अधीक्षक पुलिस श्री परमेश्वर लाल** के नेतृत्व में आज मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी हिमांशु गुप्ता, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पचायत पालपुर, तहसील तिजारा जिला खैरथल को 7,000/- रूपये रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथो गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी के उप महानिरीक्षक पुलिस-प्रथम श्री राजेश सिंह के सुपरवीजन में आरोपी से पुछताछ एवं कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।